दैनिक भास्कर 10/02/2024

जीएमएन कॉलेज में लिया विद्यार्थियों का साक्षात्कार

अम्बाला | गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में स्कॉलरशिप कमेटी द्वारा छात्रवृत्तियों को वितरित करने हेतु साक्षात्कार कार्यक्रम किया गया। संयोजक पिंकी गुप्ता ने बताया कि साक्षात्कार के लिए प्रार्थना पत्र के आधार पर विद्यार्थियों का साक्षात्कार लिया गया, जिसके आधार पर उनका चयन स्कॉलरशिप के लिए किया जाएगा। प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि जीएमएन कॉलेज सदैव विद्यार्थियों के सुनहरे भविष्य हेतु प्रयासरत रहता है। डॉ. पिंकी गुप्ता ने बताया कि विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता के आधार पर खेलकूद में प्रशिक्षित एवं प्रतिस्पर्धी छात्रों को एवं विभिन्न योग्यता मानकों एवं आर्थिक आधार पर छात्रवृत्तियां वितरित की जाएंगी। इस स्कॉलरशिप कमेटी में डॉ. भारती विज, डॉ. चंद्रपाल पुनिया, डॉ. पिंकी गुप्ता मौजूद रहे।